गैर राजनीति वा चंदा रहित से ब्राम्हण बंधुओं में आई एकजुटता : पं. रामनारायण द्विवेदी

नरियल एवं जनेऊ लेकर दी जाएगी सदस्यता, मातृ नेतृत्व में जल्द होगा उपनयन संस्कार

अनूपपुर, यशभारत। जिला मुख्यालय अंतर्गत चेतना नगर में स्थित शनिधाम में ब्राम्हण समाज द्वारा संयुक्त रूप से एकजुट होकर भगवान परशुराम जयंती का वृहद कार्यक्रम करते हुए अन्य ब्राम्हण संगठन को एक मिशाल दिया गया। शनि धाम में परशुराम जयंती के अवसर पर जहां धार्मिक अनुष्ठान विधिवत पूजा अर्चन कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बैठकर चर्चा की गई। इसके साथ ही गौरव, चरित्र, संस्कार, समाज निर्माण सहित उपनयन संस्कार तथा सामूहिक कन्या विवाह का भी संकल्प लिया गया।

तीन संगठनों का हुआ समागम

शनिधाम में ब्राम्हण समाज द्वारा परशुराम जयंती के कार्यक्रम के दौरान तीन संगठनों जिनमें आर्यावर्त ब्राम्हण महासभा, अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता, ऑल इंडिया ब्राम्हण एकता एशोसिएशन के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों द्वारा ब्राम्हण समाज में एकजुटता लाने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया। जिसमें उक्त तीनों संगठनों द्वारा विप्र परिषद के संयोजन में समाज हित में कार्य करने सहमति जताई। इस अवसर पर विप्र समाज के जिला संयोजक पं. राम नारायण द्विवेदी, आर्यावृर्त ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष पं. चैतन्य मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता के जिलाध्यक्ष पं. विद्याधर शर्मा, ऑल इंडिया ब्राम्हण एकता एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष पं. जर्नादन मिश्रा सहित जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए विप्र बंधु उपस्थित रहे।

सभी आयोजन गैर राजनीतिक व चंदा रहित

तीनों संगठनों ने निर्णय लिया है कि समाज को आगे लाने एवं आगामी होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं गतिविधियों को गैर राजनीति रखा जाएगा। जिससे धर्म एवं समाज की आड़ में अपनी राजनीति रोटी सेकने वाले संगठनों का दूर रख वास्तविक रूप से समाज एवं धर्म का उत्थान किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी होने वाले आयोजन जिसमें समाज निर्माण सहित उपनयन संस्कार तथा सामूहिक कन्या विवाह के लिए विप्र परिषद द्वारा किसी भी व्यक्ति या फिर किसी भी संस्था से चंदे के रूप में कोई राशि नही ली जाएगी। उक्त कार्यक्रम को विप्र जनों द्वारा स्वयं आपसी सहयोग वा तालमेल कर अनुकरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

नरियल एवं जनेऊ से मिलेगी सदस्यता

विप्र समाज द्वारा किए गए चर्चा में निर्णय लिया गया कि आगामी होने वाले विविध आयोजनों में विप्र बंधुओं से सदस्यता के रूप में एक नरियल (श्रीफल), जनेऊ सहित एक मुठ्ठी चावल मात्र लिया जाएगा। इसके साथ ही पूरे जिले में भ्रमण कर विप्र बंधुओं को सदस्यता दिलाया जाएगा। इसके लिए पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा जल लेकर बरने खोडरी नदी के पास से होते हुए वेंकटनगर से बकही तक भ्रमण करते हुए विप्र बंधुओं से संपर्क कर समाज हित में संदेश देते हुए सदस्यता दिलाई जाएगी।

एक वर्ष बाद होगा ब्राम्हण भेंट सम्मेलन

ब्राम्हण बधुओं ने बताया कि सदस्यता से प्राप्त नरियल, जनेऊ एवं एक मुठ्ठी चावल को एकत्रित कर एक वर्ष बाद ब्राम्हण सम्मेलन का आयोजन जिला मुख्यालय में किया जाएगा तथा समस्त विप्र बंधुओं से उसी नरियल एवं जनेऊ का भेंट कर उन्हे सम्मानित करते हुए भेंट स्वरूप मिले चावल से खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण कर विप्र बंधुओं को समाज हित में आगे आकर ब्राम्हण समाज की एकजुटता का मिशाल पेश किया जाएगा।

जल्द ही होगा उपनयन संस्कार

विप्र महिलाओं ने भी समाज को एक नई दिशा दिखाने के लिए विप्र माताओं श्रीमती सुनैना मिश्रा एवं श्रीमती रमा मिश्रा ने भी अपने निर्णय को विप्र बंधुओं के सामने रखा, जिसमें उन्होने आगामी आयोजन उपनयन संस्कार के अनुक्रम में बटुक के माँ से भिक्षा लेकर गुरू आश्रम में देना पड़ता है, जिस संस्कार को पूरे विधि विधान से ज्ञान और धर्म की शिक्षा हेतु ब्राम्हण संस्कारों वा गुणों जिनमें जनेऊ, शिखा, आचरण, गायत्री मंत्र आदि पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी उपस्थित ब्राम्हण जनों द्वारा जल्द ही बटुको के उपनयन संस्कार की रूप रेखा तैयार करते हुए आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

पिता की डांट के कारण घर से भागी नाबालिग किशोरी को पुलिस ने परिजन को सौंपा

अनूपपुर, यशभारत। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लामाटोला से 27 जून 2023 की सुबह अचानक अपने घर से लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोतमा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर को कोतमा मार्केट से दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पूछताछ पर बालिका ने बताया कि काम को लेकर उसके माता-पिता ने उस पर गुस्सा करते थे, जहां माता-पिता की डांट के कारण वह घर से भाग कर गुजरात चली गई और वहां से पूना पहुंच कर अपनी बड़ी मम्मी की लडक़ी के पास थी। जहां गुस्सा शांत होने के बाद वह वास घर जाने को निकली और इसी बीच कोतमा बाजार में अपहृत बालिका के होने की सूचना पर पुलिस ने उसे वहां से दस्तयाब किया। मामले की जानकारी देते हुए कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश मरावी ने बताया कि 1 मई 2023 को बाल मुकुन्द्र सिंह गोड़ निवासी लामाटोला ने थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई कि 27 जून 2023 की सुबह लगभग 6 बजे उसकी नाबालिग बच्ची जो कि नित्यक्रिया के लिए घर से बाहर गई थी और फिर वापस नही आई। जिसकी पता तलाशी उन्होने गांव, मोहल्ला, रिश्तेदार सब जगह पता किया गया, लेकिन कहीं पता नही चला, जिस पर परिजनों ने शंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बच्ची को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसरार मन्सूरी ने गंभीरता से लेते हुए स्थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीम का गठन कर अपहृत नाबालिग की तलाश करने के निर्देश दिए गए थे। जहां पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक फूलवती अहिरवार, प्रधान आरक्षक सपन नामदेव, आरक्षक जितेन्द्र मंडलोई, मुमताज अहमद, महिला आरक्षक पिन्की प्रजापति, कंचन चौधरी द्वारा अपहृत बालिका को कोतमा बाजार से दस्तायाब कर परिजनों को सौंपा गया।

वॉटर पार्क सकरा में 16 वर्षीय बच्चे की डूबने से हुई मौत

अनूपपुर, यशभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरा में स्थित वॉटर पार्क में डूबने से 16 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जहां वॉटर पार्क में मालिक सहित मृतक के दोस्तो द्वारा उसे जिला चिकित्सालय अनूपपुर में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसराम मन्सूरी ने बताया कि 11 मई को शुभम प्रजापति पिता शिव प्रसाद प्रजापति उम्र 16 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 बुढ़ार जो कि अपने 5 दोस्तों के साथ घर में अमरकंटक जाने की बात कहकर निकला था और ग्राम सकरा स्थित वॉटर पार्क में घूमने गया था। जहां दोपहर लगभग 2.30 बजे दोस्तो के साथ वॉटर पार्क में नहा रहा था। मृतक के दोस्तो ने बताया कि हम सभी दोस्त नहा के निकले थे, लेकिन शुभम दोबारा नहाने चला गया, इस बीच पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। पूरे मामले में घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। जहां सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए है। जिला अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने पीएम कराने से मना करते हुए पहले वॉटर पार्क सकरा जाकर स्थल परिक्षण कराए जाने की मांग पुलिस से रखी गई, जहां पुलिस की समझाईश वा नियमानुसार कार्यवाही के आश्वासन के बाद मृतक के परिजनों ने शव का पीएम कराने राजी हुए। जिसके बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए शव को पीएम के लिए भेजा गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

जिला प्रशासन द्वारा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही कैरियर काउंसलिंग

अनूपपुर, यशभारत। जिला प्रशासन द्वारा शैक्षिक सत्र 2023- 24 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो जिले के अनूपपुर, पुष्पराजगढ़, एवं कोतमा में एक दिवसीय शिविर के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा ने बताया है कि कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के दिशा निर्देश अनुसार जिले के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग विशेषज्ञों द्वारा कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा उन्होंने बताया है कि 15 मई को एकलव्य आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में 16 मई को स्व सहायता समूह भवन पुष्पराजगढ़ में 17 मई को कोतमा के मॉडल स्कूल प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे से विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग आयोजित की गई है उन्होंने इस शैक्षिक सत्र में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से कैरियर काउंसलिंग शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान लोगों ने बहाया पसीना, नदी से निकाला गया कीचड़ व घास

अनूपपुर, यशभारत। पवित्र नगरी अमरकंटक में 22 मई 2024 तक नगर परिषद के अनेक वार्डो के चिन्हित स्थलों पर शहडोल संभाग आयुक्त बी एस जामोद के निर्देशानुसार और अनूपपुर जिला कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में पवित्र नगरी को दृष्टिगत रखते हुए निकाय में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन नगर परिषद सीएमओ परस्ते की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया है जो की अमरकंटक के अनेक निम्नानुसार स्थलों पर सुबह 07 बजे से 09 बजे तक सभी के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नगर परिषद के सभी कर्मचारीगणों की उपस्थिति अनिवार्य होगी । नगर पालिका के सीएमओ का शख्त निर्देश है की जो भी कर्मचारीगण स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन में सम्मिलित नहीं होते तो उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जावेगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारिगणों की होगी। प्रथम दिवस नर्मदा मंदिर प्रांगण क्षेत्र से प्रमुख लोगो की उपस्थिति में शुभारंभ कर गायत्री , सावित्री संग बह रही नदी पर पुल के पास प्रथम दिवस जमा कीचड़ और घास बहुतायत मात्रा में था जिसे हटाने के लिए दूसरे दिन भी का समय लग गया । इसी जगह एक दिवस और लगेगा । स्वच्छता अभियान में लोगो की संख्या काफी बढ़ी हुई थी , सबने उस नदी से एक चैन लाइन बना कर लोगो ने स्वच्छता करने की ठान रखी थी जिसके चलते काफी ज्यादा वन्हा की गंदगी रूपी कीचड़ और जमी घास को निकाल फेंका गया । आज दूसरे दिवस स्वच्छता अभियान चला कर पुलिया पास नदी से कई ट्रैक्टर ट्राली कीचड़ और घास निकालकर फेंका गया । इस संगम नदी तट पर कल भी अभियान एक बार और चलाया जायेगा । इस अभियान में नगर के लोग भी आकर अपना श्रमदान दे रहे है।

कलेक्टर ने बदरा में नर्सरी व बम्हनी में गौशाला के कार्यों का किया निरीक्षण

अनूपपुर, यशभारत। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत बदरा में नर्सरी, ग्राम पंचायत बम्हनी में गौशाला तथा गौशाला अंतर्गत निर्मित बायोगैस प्लांट, चारागाह, राजस्व विभाग द्वारा नागरिकों को गांव में ही बेहतर राजस्व सेवा प्रदान करने हेतु किए जा रहे राजस्व ई-केवाईसी कार्य के साथ ग्राम पंचायत देवरी में प्रगतिरत खेत तालाब कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बदरा में नर्सरी के निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधों का अवलोकन करते हुए उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम पंचायत देवरी में प्रगतिरत खेत तालाब कार्य के निरीक्षण के दौरान तालाब निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए पूरी गुणवत्ता से पूर्ण करने निर्देश दिए।

एडीजीपी ने बिना हेलमेट के आरक्षक का 2300 सौ का काटा चालान, दी चेतावनी



अनूपपुर, यशभारत। डीसी सागर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल द्वारा ग्राम सिलपुर के मृतक हैप्पी प्रजापति के शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने थाना कोतमा आये थे, उसी दौरान आरक्षक 219 मुमताज अहमद मोटर सायकल होण्ड़ा जिसका नंबर सीजी 15 डीएफ 4158 में बिना हेलमेट लगाये चलाते पाये जाने से रोककर पूछताछ की गई तथा उसके गाड़ी के कागजात चेक किया गया जो बीमा एवं ड्रायविंग लायसेंस नही पाये जाने से मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 129/194(डी), 3/ 146/196 के तहत कुल राशि 2300/- रूपये जुर्माना किया गया तथा सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल द्वारा सख्त चेतावनी दी गई कि बिना हेलमेट या बिना लायसेंस आदि के पाये जाने पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार कार्यवाही की जावेगी।

पेड़ के नीचे अज्ञात युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

अनूपपुर, यशभारत। राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत बघर्रा गांव की है जहां एक 30 से 35 वर्ष के उम्र का एक अज्ञात पुरुष का शव शनिवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया है जिसकी जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एफएसएल विशेषज्ञ शहडोल आर,सी, अहिरवार,राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी वीरेंद्र वरकडे,सहायक उप निरीक्षक दीपचंद वर्मन घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर पी,एम,की कार्यवाही की है इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उक्त अज्ञात पुरुष विगत दो-तीन दिनों से बघर्रा,धर्मदास गांव में अकेले घूमते दिखा रहा जो मानसिक रूप से विक्षिप्त समझ में आ रहा था शनिवार की सुबह ग्रामीणों को अज्ञात व्यक्ति को एक पेड़ के नीचे मृत स्थिति में पड़ा होना देखकर राजेंद्रग्राम पुलिस को सूचना की रही है।

बच्चे देश के भविष्य है, इन्हें नियमित स्कूल भेजे: कमिश्ननर

कमिश्नर ने ग्राम बाजाकुण्ड में लगाई चौपाल, ग्रामीणो की सुनी समस्याएं

शहडोल, यशभारत। कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद ने शुक्रवार को उमरिया जिले के करकेली जनपद पंचायत के ग्राम बाजाकुण्ड में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की एवं समस्याएं सुनी, समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्रामीणों ने पानी की समस्या , माह में एक बार राशन की दुकान खुलने, बिजली से संबंधित शिकायत की । जिस पर कमिश्नर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बताया कि पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए उमरार डेम में इंटकवेल का निर्माण जन जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है , जिससे 109 ग्रामो को इस योजना का लाभ मिल सकेगा , इस योजना में ग्राम बाजाकुण्ड भी शामिल है । इस परियोजना के पूर्ण हो जाने पर ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल जायेगा। वर्तमान में पानी की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए बाजाकुण्ड, टगरा एवं गहिरा नाला के पास कुआ के गहरीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने राशन की समस्या पर मौके पर उपस्थित एस डी एम को निर्देशित किया कि मरदर की शासकीय उचित मूल्य की दुकान हर सप्ताह खुले यह सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणो को समय पर राशन मिल सके । ग्रामीणों द्वारा नमक को दाल में डालने पर दाल के काली हो जाने की बात कही गई । नमक की उपयोगिता बताते हुए कहा कमिश्नर ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाला वन्य प्लस नमक डबल फोर्टिफाइड आयोडीन व ऑयरन युक्त है। जो हमारे शरीर के लिए उपयोगी है। इसका नियमित सेवन करे, इसका कोई साइड इफ़ेक्ट नही है । इस दौरान कमिश्नर ने ग्राम बाजाकुण्ड के बच्चों से भी चर्चा की। बच्चों से चर्चा के दौरान कमिश्नर ने कक्षा तीसरी के सूर्य प्रकाश एवं कक्षा 1 के सूरज से अध्यापन कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही, 12 हजार की शराब जप्त

अनूपपुर, यशभारत। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वृत राजनगर अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण की सूचना मिलने पर बिजुरी में दबिश की कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी को प्राप्त सूचना के आधार पर वार्ड न. 15 भवनिहा टोला बिजुरी स्थित नेहा साहू पति राकेश साहू की दुकान तथा उससे लगे रिहायशी मकान की सघन तलाशी ली गई। तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोतल किंगफिशर बीयर, 24 केन माउंट बीयर, 13 पाव मैक्डावल व्हिस्की, 12 पाव ओसी व्हिस्की, 15 पाव ब्लूचिप व्हिस्की कुल 27 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामद कर आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 12,500 रुपये हैं। कार्रवाही के दौरान जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सावित्री भगत, आबकारी उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा, कृष्णकांत उईके, अमितेश सिंह आबकारी मुख्य आरक्षक सहजू सिंह परस्ते आरक्षक शिवप्रकाश पांडे, अरविन्द द्विवेदी, मेहबूब खान, विक्रांत नामदेव एवं रितुराज सिंह उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सावित्री भगत ने बताया है कि अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

जनपद सीईओ ने पंचायत में झूठी शिकायत करने पर कार्यवाही के लिए थाना को लिखा पत्र

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के बाद गलत जबाब अपलोड करने पर भी दर्ज हो अपराध

अनूपपुर, यशभारत। अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ जनपद के मुखिया ने थाना बेनीबारी (सरई) को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत में झूठी शिकायत दर्ज कराने वाले नीलेश तिवारी ग्राम चाका पोस्ट शाहपुर, तहसील बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया एवं धर्म सिंह पिता तातू सिंह निवासी पड़मनिया के विरूद्ध शिकायत विभागीय पत्र के माध्यम से प्रेषित कर कार्यवाही के लिए कहा है, लेकिन ग्राम पंचायत चंदनिया में पदस्थ रहे तत्कालीन सचिव भुनेश्वर सिंह की प्रमाणित शिकायत सीएम हेल्प लाईन में दर्ज की गई थी, जिसकी जांच जनपद के जिम्मेदारों द्वारा की गई, लेकिन न तो नियम विरूद्ध भुगतान करने वाले सचिव के विरूद्ध कोई कार्यवाही हुई और न ही सीएम हेल्प लाईन में झूठी जानकारी दर्ज कराने वालों के विरूद्ध ही कार्यवाही विभाग द्वारा की गई।

यह है मामला

पुष्पराजगढ़ जनपद में पदस्थ भूनेश्वर सिंह द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर फर्म रजिस्टर्ड कराकर अपनी पदस्थापना वाली पंचायतों से लाभ दिलाया गया, हालाकि इस दौरान उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन भी कैंसल था, सीएम हेल्प लाईन में शिकायत

दर्ज हुई, उसके बाद सीएम हेल्प लाईन में झूठी जानकारी डाल दी गई, निराकरण के बिन्दु में लेख किया गया कि शिकायत की जांच बृजेश कुमार दहायत पंचायत समन्वयक अधिकारी के द्वारा कराई गई, जांच उपरांत पाया गया कि ग्रेवल रोड, सीसी रोड बौल्डरवाल का निर्माण कार्य किया गया है, जिसका मूल्यांकन सब इंजीनियर के द्वारा कराया गया है, मूल्यांकन के आधार पर कार्य का भुगतान किया गया है एवं निर्माण कार्य का कोई भुगतान शेष नहीं है।

झूठी जानकारी डाल किया गुमराह

पुष्पराजगढ़ जनपद अपने कारनामों को लेकर समय-समय पर सुर्खियों में रहती है, एक ओर पंच परमेश्वर पोर्टल पर ब्लर बिल लगाकर पूरी प्रक्रिया को दूषित कर रखा है, वहीं दूसरी ओर सीएम हेल्प लाईन की जिम्मेदारी देख रहे नौकरशाह गलत जवाब अपलोड कर रहे हैं, इस वाक्ये के बाद सीएम हेल्प लाईन में पुष्पराजगढ़ जनपद की रैंकिंग भी संदेह के घेरे में हैं। झूठी शिकायत दर्ज करने पर शिकायतकर्ता के विरूद्ध विभाग द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की सिफारिश की जाती है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा गलत जानकारी अपलोड करने, नियम विरूद्ध कृत्य करने पर भी अगर साहब आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की अनुशंसा विभागीय पत्र के माध्यम से दर्ज करा दे तो, विभाग की छवि धूल-धुरसित होने से बच सकती है।